मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 19 नवम्बर 2019

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	20/11/19	21/11/19	22/11/19	23/11/19	24/11/19
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	28	29	30	29	28
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	16	16	16	17	15
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	0	3	6	5
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	73	71	77	78	78
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	23	23	24	27	26
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	7	10	8	13	13
हवा की दिशा	पूर्व	पूर्व	पूर्व	उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
सरसों		सरसों की फसल में पेन्टेड बग व आरा मक्खी का प्रकोप दिखाई देने पर रोकथाम हेतु मिथाईल पैराथियान 2 प्रतिशत चूर्ण 20 किलो प्रति हैक्टेयर की दर से भुरकाव करें।
जीरा		जीरे की बुवाई के तुरन्त बाद एक हल्की सिंचाई करें तथा दूसरी सिंचाई 6–7 दिन पश्चात करें।
गेहूं		गेहूं की बुवाई हेतु 100–120 किलो बीज प्रति हैक्टेयर काम में लें तथा बीज को 2 ग्राम थाइरम या 2.5 ग्राम मैन्कोजेब प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें।
टमाटर		टमाटर की रोपाई के 30 दिन बाद 30 किलो ग्राम नत्रजन प्रति हैक्टेयर की दर से सिंचाई के साथ दें।
गाजर		गाजर की फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु निराई गुडाई करें तथा शेष बची नत्रजन की मात्रा 30 किलो प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के 45 दिन बाद में दें।
गाय व भैंस		दुधारू गायों व भैंसो को थनैला रोग से बचाने के लिए दूध दुहने के बाद थनों को गीला न छोड़े उन्हे अच्छी तरह से पोंछें।

(नौडल ऑफीसर)